**NEWS CLIPPING:11.11.2021**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC Bose University felicitated former VC Prof. Dinesh Kumar for his contribution

TITCorrespondent
info@impressivetimes.com

**FARIDABAD :** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad organized a felicitation function to acknowledge the outstanding contribution of former Vice Chancellor, Prof. Dinesh Kumar in the overall development of University during his tenure. The function was presided over by Vice Chancellor Sh Raj Nehru. The tenure of Prof. Dinesh Kumar, the fifth Vice-Chancellor of the University, ended on November 3, 2021 and he has joined his parent organisation Kurukshetra University as Professor in the Department of Electronic Science. The tenure of Prof. Dinesh Kumar as Vice Chancellor remained remarkable as the University made notable achievements under his leadership including NAAC and NBA accreditation, and presence in NIRF ranking at National level. The University also got the status of affiliating University, and the State Government allotted land to the University for its Second Campus, besides major infrastructure development. Prof. Dinesh Kumar, who was accompanying his better-half Prof. Ranjana Aggarwal, was given a warm welcome and felicitation by the Vice Chancellor Sh. Raj Nehru and Registrar Dr. S.K. Garg by presenting a flower bouquet and a memento on behalf of all the teaching and non-teaching members of the University. Praising the leadership quality and inside-out approach of Prof. Dinesh Kumar, Sh. Raj Nehru said that character, competency and courage are the qualities which make him a result oriented person. He said that Prof. Kumar has contributed a lot to the University and it will be difficult for anyone to take his place. He will always be remembered for his contribution to the University. He assured that he would work with the same passion and dedication and complete the projects left by him. He extended best wishes to Prof. Dinesh Kumar for his future endeavours. Addressing the function, Prof. Dinesh Kumar thanked many people including Governor – Chancellor Sh Bandaru Dattatraya as well as Chief Minister Sh Manohar Lal. He said all of them had provided support to the University for its Growth. "I never thought of becoming the Vice-Chancellor as I had no political affiliation.



**FORMER VC SAID, "I NEVER THOUGHT OF BECOMING THE VICE-CHANCELLOR, IT WAS PRESENT GOVERNMENT WHICH GAVE ME THE OPPORTUNITY AND RESPONSIBILITY TO SERVE THE UNIVERSITY"**

**NEWS CLIPPING:11.11.2021**

# PIONEER

# पूर्व कुलपति को जेसी बोस ने दिया सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने पूर्व कुलपति प्रो दिनेश कुमार को विश्वविद्यालय के समग्र विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया।

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की। विश्वविद्यालय के पांचवें कुलपति के रूप में छह वर्षों तक सेवाएं देने के उपरांत प्रो. दिनेश कुमार का कार्यकाल 3 नवंबर, 2021 को समाप्त हो गया था। उन्होंने अपने मूल संस्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान विभाग के

## विश्वविद्यालय में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए किया गया सम्मानित

प्रोफेसर के रूप में दोबारा कार्यभार संभाल लिया है। कुलपति के रूप में प्रो. दिनेश कुमार का कार्यकाल उल्लेखनीय रहा। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने नैक एवं एनबीए मान्यता तथा राष्ट्रीय स्तर पर एनआईआरएफ रैंकिंग में उपस्थिति दर्ज करवाने के साथ-साथ अनेकों उपलब्धियां हासिल कीं। इस दौरान विश्वविद्यालय को संबद्धता विश्वविद्यालय का दर्जा भी मिला, विश्वविद्यालय में कई ढांचागत



**जेबी बोस विश्वविद्यालय आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कुलपति प्रों. दिनेश कुमार को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति राज नेहरू।**

सुविधाएं विकसित हुई और राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर के लिए भूमि आवंटित किया गया। प्रो. दिनेश कुमार, जो पत्नी प्रो. रंजना अग्रवाल के साथ पहुंचे थे, का कुलपति श्री राज नेहरू और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षण एवं गैर शिक्षण सदस्यों की ओर गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने राज्यपाल-कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित कई व्यक्तियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी ने विश्वविद्यालय के विकास में सहयोग प्रदान किया है। इस अवसर पर संकाय और स्टाफ के सदस्यों ने कुलपति के रूप में प्रो. दिनेश कुमार के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे के विकास में प्रो. दिनेश कुमार के योगदान को दर्शाने वाली एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

**NEWS CLIPPING:11.11.2021**

# AAJ SAMAJ

# पूर्व कुलपति को जे.सी. बोस विवि ने दिया सम्मान

**आज समाज नेटवर्क**



प्रो. दिनेश कुमार को स्मति चिह्न भेंट कर सम्मान करते हुए कुलपति राज नेहरू।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने पूर्व कुलपति प्रो दिनेश कुमार को विश्वविद्यालय के समग्र विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की। विश्वविद्यालय के पांचवें कुलपति के रूप में छह वर्षों तक सेवाएं देने के उपरांत प्रो. दिनेश कुमार का कार्यकाल 3 नवंबर, 2021 को समाप्त हो गया था। उन्होंने अपने मूल संस्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर के रूप में दोबारा कार्यभार संभाल लिया है। कुलपति के रूप में प्रो. दिनेश कुमार का कार्यकाल उल्लेखनीय रहा। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने नैक एवं एनबीए मान्यता तथा राष्ट्रीय स्तर पर एनआईआरएफ रैंकिंग में उपस्थिति दर्ज करवाने के साथ-साथ अनेकों उपलब्धियां हासिल कीं। प्रो. दिनेश कुमार, जो पत्नी प्रो. रंजना अग्रवाल के साथ पहुंचे थे, का कुलपति राज नेहरू और कुलसचिव डॉ एसके गर्ग द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षण एवं गैर शिक्षण सदस्यों की ओर गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया गया। प्रो. दिनेश कुमार की नेतृत्व क्षमता एवं दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए राज नेहरू ने कहा कि चरित्र, क्षमता और साहस ऐसे गुण हैं जो प्रो. दिनेश कुमार के व्यक्तित्व को अलग पहचान देते है और परिणाम उन्मुख व्यक्ति बनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रो. कुमार ने विश्वविद्यालय के विकास में अद्वितीय योगदान दिया है और उनकी जगह लेना किसी के लिए भी मुश्किल होगा। विश्वविद्यालय में उन्हें उनके योगदान के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रो. दिनेश कुमार की अधूरी परियोजनाओं को आगे बढा उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने प्रो. दिनेश कुमार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**NEWS CLIPPING:11.11.2021**

# NAVBHARAT TIMES

## पूर्व कुलपति को किया सम्मानित

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने पूर्व कुलपति प्रो.दिनेश कुमार को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। विश्वविद्यालय परिसर में हुए सम्मान समारोह की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की। प्रो.दिनेश कुमार का कार्यकाल 3 नवंबर को समाप्त हो गया था। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान विभाग के प्रफेसर के रूप में दोबारा कार्यभार संभाल लिया है। इस मौके पर कुलसचिव डॉ.एस.के. गर्ग, प्रो.तिलक राज, प्रो.एम.एल. अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING:11.11.2021**

# AMAR UJALA

## सम्मान समारोह का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को विवि के समग्र विकास में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए बुधवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नवनियुक्त कुलपति राज नेहरू ने की। उन्होंने ने बताया कि पूर्व कुलपति के रूप में प्रो. दिनेश ने छह वर्षों तक सेवाएं दी है। उनका कार्यकाल तीन नवंबर, 2021 को समाप्त हो गया था। उन्होंने कुरुक्षेत्र विवि में इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर के रूप में दोबारा कार्यभार संभाल लिया है। संवाद